उत्तर प्रदेश शासन,
चीनी उघोग अनुभाग-1
संख्या-2/320एस0ची0उ0अनु0-1/2014-2506/2007
लखनऊ : दिनांक 21 अगस्त, 2014

कार्यालय-आदेश

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश इलाहाबाद की संस्तुति पर सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2008 (विशेष चयन) में चुने गये श्री चन्दन कुमार वर्मा की नियुक्ति गन्ना निरीक्षक एंव सहायक चीनी आयुक्त के पद पर शासन की विज्ञप्ति/नियुक्त आदेश संख्या-1379एस0ची0उ0अनु0-1/11-1528/2000 दिनांक 16-12-2011 द्वारा मुरादाबाद की गयी थी जिसके अनुपालन में श्री चन्दन वर्मा द्वारा दिनांक 31-12-2011 को जिलाधिकारी मुरादाबाद के यहाँ योगदान आख्या प्रस्तुत की गयी। उस समय विधान सभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जिलाधिकारी मुरादाबाद द्वारा श्री वर्मा की योगदान आख्या पर निर्वाचन आयोग की सहमति प्राप्त कर दिनांक 18-01-2012 से योगदान की अनुमति प्रदान की गयी। श्री वर्मा द्वारा दिनांक 31-12-2011 से योगदान आख्या स्वीकार करने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में चीनी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या-153/स्था0(क) दिनांक 14-03-2014 में उपलब्ध करायी गयी आख्या एवं श्री चन्दन कुमार वर्मा द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र तथा अन्य संगत अभिलेखों पर सम्यक विचारोपरान्त श्री वर्मा की योगदान आख्या दिनांक 31-12-2011 से स्वीकार किये जाने की एतद्द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है।

दिनेश कुमार
विशेष सचिव।

संख्या-320(1)एस0ची0उ0अनु0-1/2014-तद्-दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- चीनी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3- सचिव लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
4- उप चीनी आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।
5- संबंधित अधिकारी।
7- आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(सुबोध कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in